एक नजर में

## एयू बैंक के यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन के लिए आरबीआई ने किया संशोधन

इंदौर. एयू स्मॉल फ़ाइनेंस बैंक ने 7 मार्च को किए गए एक्सचेंज फ़ाइलिंग के माध्यम से बताया कि बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक से स्मॉल फाइनेंस बैंक से यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन की प्रक्रिया के संबंध में संशोधित संचार प्राप्त हुआ है. आरबीआई ने इससे पहले 7 अगस्त 2025 को परिवर्तन के लिए इन-प्रिंसिपल अनुमोदन प्रदान किया था, जिसकी वैधता अवधि 18 महीने थी। इन-प्रिंसिपल अनुमोदन के तहत आरबीआई ने यह शर्त रखी थी कि परिवर्तित यूनिवर्सल बैंक में प्रमोटर्स/प्रमोटर समूह की हिस्सेदारी एक नॉन-ऑपरेटिव फाइनेंशियल होल्डिंग कंपनी (एनओएफएचसी) के माध्यम से ही रखी जाएगी. 6 मार्च 2026 को जारी अपने पत्र के माध्यम से आरबीआई ने अब इस शर्त को संशोधित कर दिया है. अद्यतन निर्देशों के अनुसार, एनओएफएचसी संरचना केवल तभी आवश्यक होगी, जब परिवर्तित यूनिवर्सल बैंक या उसके प्रमोटर/प्रमोटर समूह भविष्य में किसी नई समूह इकाई की स्थापना का प्रस्ताव रखेंगे.

## कोटक अल्ट्स ने पहले कैटालिस्ट अवार्ड्स के विजेता का किया एलान

इंदौर. फाइनेंशियल कंटेंट बनाने वालों की मेहनत और जिम्मेदारी को सम्मान देने के लिए शुरू किए गए राष्ट्रीय पहल कोटक कैटालिस्ट अवार्ड्स ने अपने पहले संस्करण के विजेता की घोषणा कर दी है. कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड ने हिमानी चौधरी को इस साल का विजेता घोषित किया. विजेता को इनाम के तौर पर 25 लाख रुपये दिए गए. इस बड़ी इनामी राशि के साथ, कैटालिस्ट अवार्ड्स भारत में फाइनेंशियल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए सबसे बड़े और महत्वपूर्ण सम्मानों में से एक बन गया है. कोटक ऑल्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्रीनी श्रीनिवासन ने कहा कि हमने कोटक अल्ट्स कैटालिस्ट अवार्ड्स की शुरुआत उन कंटेंट क्रिएटर्स को सम्मान देने के लिए की है, जो भारत में लोगों को पैसों और निवेश के बारे में जागरूक बनाने में बड़ा योगदान दे रहे हैं. जैसे-जैसे निवेश करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है, दर्शक अब ऐसी जानकारी चाहते हैं जो स्पष्ट हो, सही संदर्भ में हो और जिस पर भरोसा किया जा सके.

## लॉर्ड्स मार्क्स व सीएमईटी ने की साझेदारी

इंदौर. लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ब्रेस्ट कैंसर का जल्दी पता लगाने के लिए एआई-पावर्ड, रेडिएशन-फ्री ब्रेस्ट स्क्रीनिंग वियरेबल डिवाइस बनाने के लिए सेंटर फॉर मैटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी के साथ एक टेक्नोलॉजी ट्रांसफर एग्रीमेंट किया है. यह वियरेबल हाई-प्रिसिजन थर्मल सेंसर को एआई-ड्रिवन टेम्परेचर मैपिंग के साथ इंटीग्रेट करता है ताकि शुरुआती स्टेज की असामान्यताओं को नॉन-इनवेसिव, रेडिएशन-फ्री तरीके से पहचाना जा सके. लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, सचिदानंद उपाध्याय ने सीमेट के साथ पार्टनरशिप पर कमेंट करते हुए कहा यह कोलेबोरेशन दुनिया भर में कॉम्पिटिटिव, देसी हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी बनाने की हमारी यात्रा में एक अहम कदम है. सीमेट की साइंटिफिक एक्सपर्टीज़ को लॉर्ड्स मार्क की मैन्युफैक्चरिंग ताकत के साथ मिलाकर, हम प्रिवेंटिव डायग्नोस्टिक्स में एक नया तरीका ला रहे हैं- नॉन-इनवेसिव, एआई-ड्रिवन, और सच में एक्सेसिबल. हमारा विज़न है कि जल्दी पता लगाने में आने वाली रुकावटों को कम किया जाए और पूरे भारत में महिलाओं को सुरक्षित, स्मार्ट स्क्रीनिंग सॉल्यूशन से मज़बूत बनाया जाए.

## ट्रस्टएमएफ मिड कैप फंड लॉन्च किया

इंदौर. ट्रस्ट म्यूचुअल फंड ने अपने नए ट्रस्टएमएफ मिड कैप फंड के लॉन्च की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है. इस फंड का मुख्य उद्देश्य इक्विटी और इक्विटी से जुड़े इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश के ज़रिए निवेशकों के लिए दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि हासिल करना है. सेबी के मानकों के अनुसार, यह स्कीम मुख्य रूप से उन व्यवसायों पर केंद्रित होगी जो पूर्ण बाजार पूंजीकरण के आधार पर 101वें से 250वें स्थान के बीच आते हैं. इच्छुक निवेशकों के लिए यह न्यू फंड ऑफर सब्सक्रिप्शन के लिए 27 फरवरी, 2026 से खुल चुका है और निवेश की अंतिम तिथि 13 मार्च निर्धारित की गई है. लॉन्च पर ट्रस्ट म्यूचुअल फंड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप बागला ने कहा मिड-कैप इन्वेस्टिंग हमारे निवेश दर्शन का मूल केंद्र है. मिड-कैप श्रेणी में निवेश के परिणाम काफी भिन्न हो सकते हैं, इसीलिए गहन शोध और मूल्यांकन में अनुशासन बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है. हमारी निवेश प्रक्रिया में फंडामेंटल एनालिसिस, रिलेटिव वैल्यूएशन और टर्मिनल वैल्यू इन्वेस्टिंग का एक अनूठा संगम है. इसके माध्यम से हम ऐसे व्यवसायों की पहचान करना चाहते हैं, जिनमें दीर्घकाल में निरंतर और स्थायी मूल्य सृजित करने की क्षमता रखते हैं.

## सैयदना साहेब की सालगिरह पर केक काटकर खुशी मनाई



इंदौर. दाऊदी बोहरा समाज के 53वे धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन मौला की सैयदना साहेब की 83वी सालगिरह पर बाबजी नगर में केक काट कर खुशी मनाई गई. बाबजी नगर में शेख कुतुबुद्दीन भाई कुक्षी वाला ने मंगलवार रात्रि को मगरिब की नमाज के बाद केक काट कर उपस्थित जनों के साथ खुशी का इजहार किया. यह जानकारी देते हुए समाज के इंदौर मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि रमज़ान माह की 23वीं रात को सैयदना साहब की 83वी सालगिरह की मुबारक रात में सैयदना साहब की उम्र दराजी की दुआ मांगी गई.

## वॉलमार्ट ने इंडिया ग्रोथ समिट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किए

इंदौर. वॉलमार्ट ने इंडिया ग्रोथ समिट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है. यह सम्मेलन भारतीय कंपनियों को घरेलू एवं वैश्विक स्तर पर विस्तार करने में सक्षम बनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है. 7 मई को नई दिल्ली के भारत मंडपम में सम्मेलन के दूसरे संस्करण का आयोजन होगा, जिसमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स, डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर सेलर्स और इनोवेटिव सप्लाई चेन कंपनियां एक मंच पर आएंगी और वॉलमार्ट के साथ मिलकर वैश्विक व्यापार में अपने लिए नए अवसर तलाशेंगी. वॉलमार्ट मार्केटप्लेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मनीष जोनेजा ने कहा वॉलमार्ट में हम कंपनियों को वैश्विक स्तर पर विकास करने में मदद देने के लिए उत्साहित हैं. इंडिया ग्रोथ समिट 2026 से इनोवेशन और सप्लायर्स एवं सेलर्स को वैश्विक बाजार में बढ़ने में मदद को लेकर हमारी प्रतिबद्धता दिखती है. वॉलमार्ट मार्केटप्लेस से जुड़ने और अंतरराष्ट्रीय ई-कॉमर्स में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की इच्छा रखने वाली भारतीय कंपनियां 23 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन करा सकेंगी.

## रॉयल एनफील्ड मेटियोर 350 ने 6 लाख बाइक बेची

इंदौर. रॉयल एनफील्ड मेटियोर 350 भारत की सबसे पसंदीदा क्रूजर बाइक बन गई है. नवंबर 2020 में लॉन्च होने के बाद से इस बाइक की 6 लाख से ज्यादा बिक्री हो चुकी है क्योंकि इसने दुनिया भर के राइडर्स का भरोसा जीता है. इसके आरामदायक चलने के अंदाज़, बेहतर इंजन और आसान राइड के कारण रॉयल एनफील्ड मेटियोर 350 जल्दी ही अनुभवी बाइक चालकों और नए राइडर्स दोनों की पहली पसंद बन गई है. बीते सालों में रॉयल एनफील्ड मेटियोर 350 को कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिले हैं. साथ ही इसे इंडियन मोटरसाइकिल ऑफ द ईयर 2021% का प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिला, जिससे यह मिड-साइज बाइक सेगमेंट की सबसे सफल क्रूजर बाइकों में शामिल हो गई. लॉन्च के बाद से मेटियोर 350 ने आसान और आरामदायक क्रूजिंग का मतलब बदल दिया है. यह बाइक हर उम्र के राइडर्स के लिए शानदार है और रोज़ शहर में चलाने के साथ-साथ लंबी हाईवे यात्राओं के लिए भी आसान और आरामदायक क्रूजर बन गई है.

## 'अंधा प्यार 2.0' का ट्रेलर पेश किया

इंदौर. हिंदी ज़ी5 ने अपनी नॉन-फिक्शन रियलिटी डेटिंग सीरीज अंधा प्यार 2.0 का आधिकारिक ट्रेलर लॉन्च कर दिया है. यह ट्रेलर दर्शकों को एक साहसी सामाजिक प्रयोग की झलक देता है, जो आधुनिक रोमांस के नियमों को नए तरीके से पेश करता है. इसे विशेष रूप से जेन ज़ी दर्शकों के लिए तैयार और डिज़ाइन किया गया है. विवेक समतानी और कौस्तुभ अग्रवाल द्वारा कल्पित, अंधा प्यार 2.0 एक असामान्य डेटिंग माहौल में सिंगल्स को लाता है, जहाँ वे एक-दूसरे को देखे बिना रिश्ता बना लेते हैं—इस तरह शारीरिक रूप-रंग को नजरअंदाज किया जाता है और गहरे, बिना पूर्वाग्रह वाले संबंधों को प्रोत्साहित किया जाता है. कावेरी दास, बिजनेस हेड हिंदी ज़ी5 और चीफ चैनल ऑफिसर एंड टीवी ने कहा अंधा प्यार 2.0 के साथ, हम नॉन-फिक्शन रियलिटी शैली में और अधिक निर्णायक रूप से कदम रख रहे हैं, इन दर्शक पसंदों पर आधारित एक ऐसा फॉर्मैट पेश कर रहे हैं जो समकालीन और सामाजिक रूप से जागरूक लगता है. इस टाइटल के माध्यम से, हम अपने हिंदी ओरिजिनल स्लेट को अधिक विविधतापूर्ण बनाना जारी रख रहे हैं.

# शहर में घर की सफाई : आरआरआर कलेक्शन ड्राइव अभियान शुरू

- 31 मार्च तक घर-घर जाकर अनुपयोगी सामान का करेंगे संग्रहण
- पुन: उपयोग भारतीय परंपरा का हिस्सा रहा : महापौर



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम द्वारा आज से घर-घर सफाई अभियान के तहत अनुपयोगी सामान का संग्रह करने कार्य शुरू किया है. यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा, जिसमें नगर के 5 वाहन घर घर से अनुपयोगी सामान को एकत्र करेंगे. निगम अनुपयोगी से आरआरआर अभियान के तहत उपयोगी बनाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का काम कर रहा है.**

नगर निगम द्वारा स्वच्छता में निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं. आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल ने जोन 8 की क्लासिक पूर्णिमा कॉलोनी से आरआरआर (रिड्यूज़, रियूज़, रिसायकल) कलेक्शन ड्राइव घर की सफाई अभियान शुरू किया. इस मौके पर महापौर एवं आयुक्त ने पांच विशेष वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि पुन: उपयोग (रियूज़) का कॉन्सेप्ट भारतीय परंपरा का हिस्सा रहा है. पहले बड़े भाई द्वारा उपयोग की गई किताबें, कपड़े और अन्य सामग्री छोटे भाई को देने की परंपरा समाज में सदियों से चली आ रही है. इसी विचार को आगे बढ़ाने के लिए नगर निगम द्वारा 'घर की सफाई अभियान' शुरू किया गया है. उन्होंने बताया कि घरों से निकलने वाली अनुपयोगी वस्तुएं जैसे कपड़े, किताबें, इलेक्ट्रॉनिक सामान, खिलौने एवं अन्य उपयोगी सामग्री को इन वाहनों के माध्यम से संग्रहित किया जाएगा. वेस्ट से बेस्ट की अवधारणा के तहत जरूरतमंद लोगों के लिए उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया जाएगा.

### वस्तुओं का दान करें

आयुक्त सिंघल ने नागरिकों से आग्रह किया कि घर में अनुपयोगी वस्तुओं को दान करें, ताकि उन्हें पुन: उपयोग में लाकर जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा सके. साथ ही शहर में रिड्यूज़, रियूज़ और रिसायकल अभियान को मजबूत बनाया जा सके. 31 मार्च तक विशेष वाहन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर नागरिकों से अनुपयोगी सामान का संग्रहण करेंगे. अनुपयोगी सामान संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाने के मौके पर स्वास्थ प्रभारी अश्विनी शुक्ल और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासी मौजूद थे.

### अभियान को सफल बनाएं

महापौर भार्गव ने शहर की जनता से अपील की है कि वे अपने घरों में उपलब्ध अनुपयोगी सामग्री को इन वाहनों में देकर इस अभियान को सफल बनाएं. उन्होंने कहा कि नगर निगम के बजट सत्र में इस साल सभी पार्षदों एवं महापौर परिषद सदस्य को पर्यावरण संरक्षण के तहत लेदर बैग के स्थान पर री-यूज मटेरियल से बने कपड़े के झोले दिए जाएंगे.

# नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा चुनाव के कारण रोकी एमओएस पर संपत्तिकर वसूली

- नगर निगम लगा चार सौ करोड़ रुपए ज्यादा वसूलने के लक्ष्य में



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम ने एमओएस पर टैक्स वसूली एक साथ नहीं, बल्कि सोची समझी रणनीति के तहत की है. शिवराज सरकार ने 2020 में गजट नोटिफिकेशन कर दिया था, लेकिन लागू 5 साल बाद करने के पीछे कारण है. वह कारण है चुनाव, जिससे भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता था.**

नगर निगम ने इस साल वसूली का नया रिकॉर्ड बनाने के लिए संपत्ति कर बिल में एमओएस (मार्जिनल ओपन स्पेस) राशि जोड़ कर बिल जारी किए हैं. राशि भी एक साल के नहीं, बल्कि राज्य सरकार द्वारा जारी गजट नोटिफिकेशन 2020 के साल से पिछले पांच सालों की एक साथ जोड़ दी गई है. इसको लेकर शहर के 5.25 लाख संपत्ति कर धारकों की नींद उड़ गई है. नगर निगम के इस साल लागू करने के पीछे बड़ा साफ कारण है और वह यह है कि अगले दो साल अभी कोई चुनाव नहीं है. भाजपा सरकार ने 2020 में जब एमओएस पर संपत्ति कर वसूलने का निर्णय कर लिया था, तो लागू पांच साल बाद करने के पीछे क्या कारण था? यह जानना जरूरी है.

**चुनाव में उठाना पड़ता नुकसान:** सन् 2020 से एमओएस मिलाकर संपत्ति कर नहीं वसूलने का सबसे बड़ा कारण यह था कि पहले नगर निगम चुनाव, फिर विधानसभा चुनाव और अंत में लोकसभा चुनाव थे. यदि नगर निगम हाथोंहाथ लागू कर देता तो भाजपा को चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ता और कांग्रेस उक्त मुद्दे को भुना लेती. यही वजह थी कि जनता पर एमओएस मिलाकर संपत्ति कर वसूली को पांच साल रोका गया.

**प्लॉट साइज अनुसार जारी किए बिल**- शहर में हर संपत्ति धारक को उसके प्लॉट और जमीन की साइज के अनुसार बिल जारी किए गए हैं. इससे जिसका पिछले साल संपत्ति 7500 से 8 हजार के बीच था, उसका अब सीधे 28 से 30 हजार के बीच बिल जारी किए गए हैं. उक्त बिल में पांच साल की एमओएस राशि जोड़ दी गई है. इस तरह इस साल नगर निगम 1500 सौ करोड़ रुपए राजस्व वसूली लक्ष्य को हासिल करेगी.

# इंदौर-नई दिल्ली सुपरफास्ट ट्रेन अब हिसार तक चलेगी

- 11 मार्च से लागू होगी नई व्यवस्था
- दिल्ली सफदरजंग स्टेशन पर मिलेगा ठहराव

नवभारत न्यूज

**इंदौर. पश्चिम रेल रतलाम मंडल ने यात्रियों की सुविधा और बढ़ती यात्रा मांग को देखते हुए इंदौर से संचालित होने वाली इंदौर-नई दिल्ली त्रिसाप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार अब हरियाणा के हिसार तक कर दिया है. इस निर्णय से इंदौर और आसपास के यात्रियों को सीधे हिसार तक यात्रा करने की सुविधा मिल सकेगी.**

रतलाम मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार 11 मार्च 2026 से ट्रेन संख्या 20957 इंदौर-हिसार त्रिसाप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस इंदौर से शाम 4.45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 9.20 बजे हिसार पहुंचेगी. इसी प्रकार 12 मार्च 2026 से ट्रेन संख्या 20958 हिसार-इंदौर त्रिसाप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस हिसार से दोपहर 1.20 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 6.45 बजे इंदौर पहुंचेगी. नई व्यवस्था के तहत इस ट्रेन का ठहराव अब नई दिल्ली स्टेशन जगह दिल्ली सफदरगंज स्टेशन पर दिया गया है. इसके अलावा यह ट्रेन दोनों दिशाओं में शकूरबस्ती, रोहतक, महम एवं हांसी स्टेशनों पर भी ठहराव रहेगा.

रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन के इस विस्तार से मध्य प्रदेश और हरियाणा के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और लंबी दूरी की यात्रा और अधिक सुविधाजनक हो सकेगी.

# बीआरटीएस रैलिंग हटाने का कार्य देखने पहुंचे निगमायुक्त

- कार्य को जल्दी पूरा करने के दिए निर्देश



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम आयुक्त ने आज बीआरटीएस सड़क से बस स्टॉप और रैलिंग हटाने के कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क से रेलिंग व बस स्टॉप हटाने का कार्य सावधानी से करते हुए समय सीमा में काम खत्म किया जाए.**

निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने नवलखा चौराहा से विजय नगर चौराहा तक पूरे बीआरटीएस सड़क का निरीक्षण किया. निरीक्षण में उन्होंने 11.5 कि.मी में लंबे बीआरटीएस सड़क के बस स्टॉप व रेलिंग हटाने की अपर आयुक्त से जानकारी मांगी. आयुक्त को बताया गया कि शिवाजी वाटिका से नवलखा तक लगभग 1.80 किलोमीटर में दोनों तरफ की रेलिंग हटाकर पेचवर्क किया गया है. एलआईजी से एमआर-9 चौराहे तक लगभग 950 मीटर की रेलिंग हटाई गई है. एमआर 9 से विजय नगर चौराहे तक लगभग 900 मीटर रेलिंग हटाने का काम चल रहा है. मातहत अधिकारियों ने बताया कि राजीव गांधी चौराहे से भंवर कुआं तक 3 बस स्टॉप हटा दिए है. भंवरकुआं फ्लाईओवर से लेकर जीपीओ चौराहे तक 4 बस स्टॉप हटाने का कार्य चल रहा है. साथ ही निगम ने 800 मीटर में अस्थाई डिवाइडर बनाकर रखे हैं.

### डिवाइडर बनाने का चल रहा कार्य

निरीक्षण के दौरान बताया कि बीआरटीएस के रसोमा से एमआर 09 चौराहा के बीच स्थाई डिवाईडर का बनाने का कार्य चल रहा है. सड़क की शेष रैलिंग का उपयोग अस्थाई डिवाईडर निर्माण किया जा रहा है. आयुक्त ने सभी कार्य समय सीमा में सावधानी से करने और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए. निरीक्षण में अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, सहायक यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे.

# परीक्षाओं के चलते डीएवीवी की जनसुनवाई में कम संख्या में पहुंचे छात्र

नवभारत न्यूज

**इन्दौर. डीएवीवी में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में इस बार सीमित संख्या में ही छात्र-छात्राएं पहुंचे. जनसुनवाई में आए अधिकांश विद्यार्थी रिजल्ट, रिव्यू और रिवैल्यूएशन के आवेदन, डिग्री और मार्कशीट में करेक्शन से जुड़ी समस्याएं लेकर आए थे.**

दरअसल इन दिनों विश्वविद्यालय में परीक्षाओं का दौर चल रहा है. ऐसे में कई विद्यार्थी जनसुनवाई में आने की बजाय डीएवीवी के ऑनलाइन समाधान ऐप के माध्यम से अपनी समस्याओं का निराकरण करवा रहे हैं, जिसके कारण जनसुनवाई में छात्रों की संख्या कम रही. मंगलवार को हुई जनसुनवाई में एग्जाम कंट्रोलर डॉ. अशेष तिवारी, असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. विष्णु नारायण मिश्रा और मोनाली सूर्यवंशी ने छात्रों की समस्याएं सुनीं और उनके आवेदनों का निराकरण किया. जनसुनवाई में अधिकांश ऐसे विद्यार्थी पहुंचे थे जो नियत तिथि में रिव्यू और रिवैल्यूएशन के लिए आवेदन नहीं कर पाए थे. ऐसे छात्रों को विश्वविद्यालय की ओर से नियमानुसार लेट फीस के साथ आवेदन करने की अनुमति दी गई.

### रिजल्ट के बाद बढ़ते हैं रिवैल्यूएशन के मामले

असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. विष्णु नारायण मिश्रा ने बताया कि डीएवीवी में रिजल्ट जारी होने के बाद रिव्यू और रिवैल्यूएशन के मामलों की संख्या बढ़ जाती है. जो छात्र उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से संतुष्ट नहीं होते, वे इसके लिए आवेदन करते हैं. विश्वविद्यालय नियमानुसार इन आवेदनों को प्राथमिकता के साथ लेकर उनकी प्रक्रिया पूरी करता है. परीक्षाओं के चलते फिलहाल जनसुनवाई में छात्रों की संख्या कम देखी जा रही है और कई विद्यार्थी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं.

# नगर निगम ने 35 कट्टे प्लॉस्टिक थैली की जब्त

- 75 हजार रुपए मौके पर जुर्माना




नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम ने आज लोहा मंडी में एक ट्रांसपोर्ट पर छापा मारकर 35 कट्टे अमानक स्तर की प्लास्टिक थैलियां जब्त की. निगम स्वास्थ विभाग की टीम ने मौके पर ही 75 हजार का जुर्माना भी वसूल किया.**

आज नगर निगम स्वास्थ्य विभाग ने लोहामंडी में प्रवीण लॉजिस्टिक प्रायवेट लिमिटेड ट्रांसपोर्ट पर कारवाई करते हुए प्रतिबंधित सिंगल उसे प्लास्टिक थैलियों के 35 कट्टे जब्त किए. उक्त कट्टों में अमानक स्तर की प्लास्टिक थैलियां भरी हुई थी, जो किसी अन्य शहर भेजी जा रही थी. स्वास्थ्य अधिकारी राजेश जायसवाल ने बताया कि प्रवीण लॉजिस्टिक प्रायवेट लिमिटेड ट्रांसपोर्ट लोहामंडी पर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के परिवहन एवं भंडारण करने के खिलाफ 75 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया गया. सभी 35 कट्टे जब्त कर लिए गए. कार्रवाई के दौरान सहायक सीएसआई शोभरन खरे, दरोगा अंजू रील सहित निगम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे.




## पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली

**इंदौर.** दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, इंदौर के नव मनोनीत पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ विधि समारोह एम जी रोड, स्थित प्रेस क्लब के सभागृह में संपन्न हुआ.

दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि समाज के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, नरेंद्र वेद, संदीप जैन मोयरा, आर के जैन रानेका, धीरेंद्र कासलीवाल, नकुल पाटोदी, सुभाष सामरिया व श्रीमती रानी दोषी के आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. समाज श्रेष्ठी अशोक बढ़जात्या ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई. शपथ लेने वालों में थे महामंत्री देवेंद्र सोगानी, संगठन महामंत्री जेनैश झांझरी, कोषाध्यक्ष पिंकेश टोंग्या, प्रचार प्रमुख सतीश जैन, समन्वयक डीके जैन, अनिल जैन जैनको, सुरेंद्र बाकलीवाल, ऋषभ पाटनी, हर्ष जैन, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष महावीर जैन, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनामिका बाकलीवाल, संजय बाकलीवाल, विपिन गंगवाल, डॉ धीरेंद्र जैन, सहित करीब 50 पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली. महावीर जन्म कल्याणक शोभायात्रा का संयोजक नकुल जी पाटोदी को बनाया गया. अतिथियों ने एक मत से यही कहा कि सत्य बोले, धर्म का आचरण करें. बगैर दृढ़ता के समाज में एकता नहीं आएगी. संचालन प्रवक्ता मनीष अजमेरा ने किया एवं आभार संगठन महामंत्री जेनैश झांझरी ने माना.

एक नजर में — समाजसेवा प्रकोष्ठ ने खिलाड़ियों और समाज सेविकाओं को किया सम्मानित

# अपनी गरिमा को कम नहीं होने दें महिलाएं




**इंदौर. आजकल की महिलाएं घरेलू कार्यो के साथ-साथ बाहरी कार्यो को भी अच्छे से संपादित कर रही है. अब वह टीचर, डॉक्टर के पेशे तक सीमित नही होकर हवाई जहाज तक उड़ा रही है. हर महिला को चाहिए कि वह अपनी गरिमा को कभी भी कम नहीं होने दे.**

ये विचार विभिन्न महिला अतिथियों के हैं, जो उन्होंने समाज सेवा प्रकोष्ठ द्वारा विश्व महिला दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किये. समारोह में गोताखोर एवं घुड़सवारी खेल की अंतरराष्ट्रीय खिलाडी पलक शर्मा, कबड्डी खेल की अन्तरराष्ट्रीय खिलाडी कंचन दीक्षित सहित कबड्डी की राष्टीय खिलाड़ी मुस्कान शर्मा, प्रीति पाल और वैष्णवी पवार का सम्मान मेमेन्टो और उपहार देकर किया गया.

साथ ही विविध सामाजिक क्षेत्रों में सेवाये दे रही महिलाएं पलक नरवरिया, नम्रता सावंत, रुचि श्रोत्रिय और शीतल जायसवाल का भी सम्मान किया गया. यह जानकारी देते हुए समाज सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आलोक खरे ने कहा कि हमारी संस्था बच्चों और महिलाओ की शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य पर वर्षो से न केवल कार्यक्रम कर रही है, वरन उनको मंच भी मुहैया करा रही है. यहाँ से प्रशिक्षित बच्चे आज उच्च पदों पर प्रतिष्ठित है.

### संघर्ष ही बनाता है महान

इस मौके पर शास्त्रीय गायिका कल्पना झोकरकर ने कहा कि महिलाओं को अपने अस्तित्व को बचाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है. महिलाओं का संघर्ष ही उन्हें महान बनाता है. वरिष्ठ कथाकार अंतरा करवडे ने कहा कि महिलाएं समाज में अभय होकर जिये और तकनीक के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बनाये. पर्यावरणविद् मेघा बर्वे ने कहा कि महिलाएं भी समाज में बदलाव ल सकती है. माया ढोने रंजना नाईक, भारती सरवटे और नेहा जैन ने भी अपने विचार रखे. प्रवीण जोशी ने बताया कि महिलाओं को प्रेरणा देने वाले फिल्मी गीतों की सुमधुर प्रस्तुति हेमा मछया और शरमिष्ठा बनर्जी ने दी. अतिथि स्वागत श्याम पांडे, पुष्पा महाडिक, अर्चना डाबी, अशोक कापरनिस ने किया. संचालन वर्षा पाठक ने किया. आभार माना अर्चना दीक्षित ने.